FROM No.III

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर (SDO) बायतु मुकाम ..........

रमेशचन्द्र बनाम कमला वगैरा

किस्म मुकदमा रा. आवेदन 131, 136 नं. 10/2021 सन् 2021

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 05/01/2021 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री कैलाश N सारण ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा 131, 136 राजस्थान काश्तकारी/भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 08/02/2021 को पेश हो।<br>[signature]<br>सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |
| 08/02/2021 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगण संख्या-1 व 2 की ओर से वकील श्री भीमाराम सियाग द्वारा वकालतनामा मय ईडवाली जवाब पेश किया गया जिसे शामिल पत्रावली किया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त होने से मिशल ईलतवा होकर आगामी दिनांक 22/03/2021 को पेश हो। | रमेशचन्द<br>[signature]<br>[signature] |
| 22/03/2021 | वकुलाय फरीकैन उपस्थित। पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त होने से मिशल ईलतवा होकर आगामी दिनांक 19/04/2021 को पेश हो।<br>// | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2022.10.10 18:08:41 IST
Reason: SelfAttested

19/04/2021 पत्रावली आज पेश हुई। कोरोना 2019 के चलते कोर्ट नहीं लिया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त होने से मिसल इलतवा होकर आगामी दिनांक 07/06/2021 को पेश हो। ह०/-

07/06/2021 वकलाए फरीकैन उपस्थित। श्रीमान पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त होने से मिसल इलतवा होकर आगामी दिनांक 04/08/2021 को पेश हो। ह०/-

04/08/21 वकलाए फरीकैन उपस्थित। श्रीमान पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त होने से मिसल इलतवा होकर आगामी दिनांक 24/08/21 को पेश हो। ह०/-

24/08/2021 प्रार्थी वकील उपस्थित। विपक्षी संख्या-1 व 2 स्वर्ग में इकतालिया है। प्रार्थी वकील द्वारा प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा-151 cpc 1908 वास्ते तहसीलदार बाबत से तहकीकात रिपोर्ट तलब करने बाबत पेश किया गया जिसे शामिल पत्रावली किया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त होने से मिसल इलतवा होकर आगामी दिनांक 16/[illegible] को पेश हो। ह०/-

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2022.10.10 18:08:41 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10/09/2021 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगण पूर्व में इकतरफा है। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 151 CPC पत्रावली तलब कर शीघ्र सुनवाई करने बाबत का प्रस्तुत किया गया, प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर पत्रावली आज पेशी तारीख पर तलब की गई प्रार्थी के अधिवक्ता की एक-पक्षीय बहस सुनी गई, पत्रावली व पत्रावली के संलग्न राजस्व रेकर्ड तथा विप्रार्थीगणों द्वारा प्रस्तुत इकबालिया जवाब का अवलोकन करने के बाद प्रार्थी का आवेदन स्वीकार किया जाकर आदेश अलग से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2022.10.10 18:08:41 IST
Reason: SelfAttested

नम्बर ... अहकाम ... हुक्म की ताmील ... में जारी हुए

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बायतु जिला–बाड़मेर

पीठासीन अधिकारीः– जगदीश सिंह आशिया आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या– 10/2021

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. रमेशचन्द्र पुत्र आदूराम जाति जाट निवासी माडपुरा पुराना गांव, माडपुरा बरवाला तहसील बायतु जिला बाड़मेर | | 1. कमला पत्नि हेमाराम<br>2. डूंगराराम पुत्र आदूराम जाति जाट निवासी माडपुरा पुराना गांव ग्राम पंचायत माडपुरा बरवाला तहसील बायतु जिला बाड़मेर |

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956.

## आदेश

दिनांकः–10.09.2021

प्रार्थीगण ने जरिये अधिवक्ता श्री कैलाश नारायण सारण एक प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 का प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थीगण के खातेदारी का खेत मौजा माडपुरा पुराना गांव पटवार मण्डल माडपुरा बरवाला तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 320 रकबा 9.1174 हैक्टेयर का आया हुआ है। उक्त भूमि प्रार्थी व विप्रार्थीगणों के सयुंक्त कब्जे काश्त की भूमि है, जो भूमि पक्षकारान के पूर्वज आदूराम के फौतगी के दौरान जरिये नामान्तरकरण संख्या 34 के आदूराम के जीवित पुत्रों रमेशचन्द्र, डूंगराराम , मृतक पुत्र हेमाराम की पत्नि कमला व आदूराम की पत्नि नैनू का नाम राजस्व रेकर्ड में 1/4 –1/4 हिस्सा दर्ज किया गया। तत्पश्चात् बायतु तहसील में कम्प्यूटीकरण जमाबन्दी (ऑनलाईन) के कारण राजस्व रेकर्ड त्रुटिवश हिस्से गलत दर्ज हो गये। प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकर्ड दुरस्ती हेतु यह आवेदन पेश किया गया।

विप्रार्थी संख्या 1 व 2 की ओर से जरिये अधिवक्ता श्री भोमाराम सियाग इकबालिया जवाब पेश किया गया। जिसे शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक कलक्टर जिला-बाड़मेर (राज.)

हमने राजस्व अभिलेख व विप्रार्थीगणों द्वारा प्रस्तुत इकबाली जवाब का अवलोकन किया। अतः उपरोक्त तथ्यों एवं विवेचन के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 का स्वीकार योग्य होने से न्यायहित में स्वीकार किया जाकर मौजा माडपुरा पुराना गांव पटवार मण्डल माडपुरा बरवाला तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 320 रकबा 9.1174 हैक्टेयर भूमि में प्रार्थी के गलत हिस्से 1/6 के स्थान पर 1/4 हिस्सा, विप्रार्थी संख्या 1 के 1/2 हिस्से के स्थान पर 1/4 हिस्सा, विप्रार्थी संख्या 2 के 1/6 हिस्से के स्थान पर 1/4 हिस्सा तथा मृतक माता नैनू पत्नि आदूराम के 1/6 हिस्सा के स्थान पर 1/4 हिस्सा दुरस्त करते हुए वर्तमान में नेनू पत्नि आदूराम

का देंहान्त होने के कारण मृतक नेनू पत्नि आदूराम का नाम राजस्व रेकर्ड से विलोपित किये जाने तथा प्रार्थी व विप्रार्थी संख्या 1 व 2 प्रत्येक का 1/3 –1/3 हिस्सा राजस्व रेकर्ड में दर्ज किये जाने का आदेश किया जाता है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2022.10.10 18:08:41 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार बायतु आदेशानुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करना सुनिश्चित करें। पत्रावली फैसल शुमार हो, नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो ।

आदेश आज दिनांक 10.09.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया

10/9/21

(जगदीश सिंह आशिया)
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु